निज हित की अपेक्षा समाज और राष्ट्र हित को प्राथमिकता दें : हरिभाऊ बागड़े

बीकानेर, (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक निज हित की अपेक्षा समाज हित तथा राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए देश को श्रेष्ठतर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। राज्यपाल ने रविवार को बीकानेर में हरखचंद नाहटा की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा उनकी स्मृति में जारी 25 रूपए मूल्य के 40 ग्राम वजनी स्मारक सिक्के के अनावरण समारोह के दौरान यह उद्गार व्यक्त किए।

राज्यपाल ने कहा कि नाहटा ने व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र के साथ जन सेवा तथा धर्म सेवा के कार्यों में भी अतुल्यनीय योगदान दिया। देश की कई सुप्रतिष्ठित संस्थाओं से संबंध रखकर वे लोक मंगल कार्यों में निरंतर आर्थिक सहयोग के अलावा सक्रिय सहभागिता निभाते थे। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह के दौरान राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हरखचंद नाहटा की स्मृति में स्मारक रजत सिक्का जारी करना जीवन को आलोक देने वाले महापुरूषों के सम्मान की परम्परा है। उन्होंने कहा कि समय तथा इतिहास की कसौटी पर ही किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का मूल्यांकन होता है। हरखचंद नाहटा के जीवट व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, दूरदर्शिता तथा लोक मंगल की बलवती भावना ने उन्हें विशेष स्थान दिलाया।

बीकानेर में हरखचंद नाहटा की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा उनकी स्मृति में जारी 25 रूपए मूल्य के 40 ग्राम वजनी स्मारक सिक्के का अनावरण राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने किया।

राज्यपाल ने कहा कि आज अधिकार से ज्यादा कर्तव्यों को समझने और इनकी पालना करने की जरूरत है। यह राष्ट्र के उत्थान के लिए लाभदायक साबित होता है। उन्होंने दानदाता भामाशाह, सेठ घनश्याम दास बिड़ला और समर्थ रामदास के व्यक्तित्व से जुड़े उदाहरण दिए और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार दान देने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग धार्मिक प्रवृति के होते हैं। ऐसे लोग अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने में भी भागीदारी निभाएं।

राज्यपाल ने कहा कि अनेक विदेशी आक्रांताओं ने भारत की संस्कृति को नुकसान पहुंचाने के लिए सतत प्रयास किए लेकिन साधु-संतों और धर्म परायण लोगों के कारण इसका ह्रास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता अपने आप में मिसाल है। उसे कोई प्रभावित नहीं कर सकता। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने स्मारक सिक्के का अनावरण किया। यह सिक्का नाहटा परिवार के छोटे बच्चों को आशीर्वाद के साथ सौंपा। इससे अवसर पर मुनिराज शाश्वत रतन सागर ने प्रवचन दिए। कन्हैयालाल बोथरा ने स्वागत उद्बोधन दिया। उद्यमी एवं समाजसेवी टोडरमल लालाणी ने हरखचंद नाहटा के जीवन से जुड़े प्रसंग रखे। हरखचंद नाहटा स्मृति न्यास के अध्यक्ष ललित नाहटा ने आभार जताया। कार्यक्रम में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, नोखा विधायक सुशीला डूडी, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

- **राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हरखचंद नाहटा की स्मृति में स्मारक रजत सिक्का जारी करना जीवन को आलोक देने वाले महापुरूषों के सम्मान की परम्परा है**

राज्यपाल ने करणी माता मंदिर में किए दर्शन : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार प्रातः देशनोक स्थित विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां करणी माता की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की। मंदिर पुजारी ने राज्यपाल को निज मंदिर में विधिवत पूजा करवाई।

राज्यपाल बागडे को इस दौरान करणी माता मंदिर निजी प्रन्यास के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज सिंह बारहठ ने मां करणी के जीवन से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष व प्रन्यासी गिरिराज सिंह बारहठ व मोहन दान, प्रन्यासी अशोक दान आदि उपस्थित थे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। नेशनल हाईवे-62 पर देशनोक के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा मरूधर केमिकल फैक्ट्री के पास शाम करीब छह बजे हुआ। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। कड़ी मशक्कत के बाद देशनोक पुलिस ने जाम को खुलवाया।

नेशनल हाईवे-62 पर पलाना ओवरब्रिज से पहले मरूधर केमिकल फैक्ट्री के पास शनिवार को तूड़ी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क के बीच पलट गई। ट्रॉली में सवार पंजाब निवासी गुरजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं रवि उर्फ रूप सिंह घायल हो गया। रवि भी पंजाब का ही रहने वाला था। मौके पर मौजूद वाहन चालक व पुलिस की मदद से दोनों को पीबीएम ट्रोमा सेंटर ले जाया गया।

बीकानेर से देशनोक की तरफ ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रहा थी। मरूधर केमिकल फैक्ट्री के पास ट्रॉली का हुक टूटने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रॉली में सवार दोनों युवक सड़क पर आ गिरे। जिससे पंजाब निवासी गुरजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लग गया।

दरअसल ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क के बीच में पलट गई, जिससे सड़क पर दोनों तरफ जाम लग गया। करीब एक घंटे तक यातायात सामान्य नहीं हो सका। हादसे की सूचना पर देशनोक पुलिस थाने से एएसआई हनुमंत सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे व जाम को खुलवाया।

सार-समाचार

केन्द्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत

नाल हवाई अड्डे पर भाजपा नेताओं ने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय संस्कृती एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज बीकानेर पहुंचे। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में भाजपा नेताओं ने शेखावत का स्वागत किया। बीजेपी के जिला प्रवक्ता मनीष सोनी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री शेखावत यहां निजी कार्यक्रम में शामिल होने आये हैं। नाल एयरपोर्ट पर खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, देहात भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया, जिला महामंत्री महेश मुंड, नरेश नायक, मंत्री सांगीलाल गहलोत सहित कई भाजपा नेताओं ने शेखावत का स्वागत किया।

आपणो कृषि बाज़ार 5 से शुरू

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के सभी उत्पाद अब एक ही छत के नीचे 'आपणों कृषि बाज़ार' में उपलब्ध रहेंगे। आपणों कृषि बाज़ार का शुभारंभ 5 फरवरी को होगा। कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य दरवाजे के पास ही आपणों कृषि बाज़ार लगाया जा रहा है। इसमें कृषि विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि अनुसंधान केन्द्रों, राष्ट्रीय बीज परियोजना, भू-सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय बीकानेर समेत कृषि विश्वविद्यालय के सभी संगठक कृषि महाविद्यालयों के उत्पादों को डिस्प्ले किया जायेगा। उत्पादों के विक्रय का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रहेगा। सभी उत्पादों पर क्यू आर कोड की सुविधा रहेगी ताकि संबंधित उत्पाद की बिक्री राशि संबंधित संस्थान के खाते में जा सके। कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी ने बताया कि लम्बे समय से इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के सभी उत्पादों को एक ही छत के नीचे लाया जाए। लिहाजा आपणो कृषि बाज़ार शुरू किया जा रहा है। इसमें सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की मरू शक्ति यूनिट के मिलेट्स प्रोडक्ट के अलावा विभिन्न फसलों के उन्नत किस्म के बीज, विभिन्न सब्जियों के पौधे और बीज, विभिन्न फूलों व फलों के बीज व पौधे, कृषि महाविद्यालय बीकानेर यूनिट का शहद, आंवला कैण्डी, आंवला स्क्वैश, मशरूम समेत कृषि विश्वविद्यालय की नर्सरी के विभिन्न सजावटी पौधे उपलब्ध रहेंगे। आपणों कृषि बाज़ार के समन्वयक व स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न उत्पादों को संबंधित जगहों से मंगवा कर डिस्प्ले करने का कार्य जोर शोर से चल रहा है। बीकानेर शहर वासियों को रासायनिक खाद मुक्त उत्पादों और मिलेट्स से बने विभिन्न तरह के उच्च क्वालिटी के उत्पादों की एक लम्बी फेहरिस्त यहां आपणो कृषि बाजार में देखने को मिलेगी।

घायल की मौत, अस्पताल में हंगामा

श्रीगंगानगर, (कासं)। सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने इस मौत के लिए अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों ने अस्पताल के सामने धरना लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे की सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ सिटी आईपीएस बी. आदित्य व आईएमए पदाधिकारी भी रात तक धरना स्थल पर मौजूद थे। अस्पताल प्रशासन और धरनार्थियों में वार्ता करवाई जा रही थी। शव भी अस्पताल में ही था, उसे जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट नहीं करने दिया। मिली जानकारी के अनुसार खाटलबाना निवासी 27 वर्षीय बलविंद्र सिंह उर्फ लाला पुत्र फौजासिंह की मोटरसाइकिल को अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने सामने से टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर घायल बलविंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। तुरंत ही रेफर किए जाने के बाद घायल को जिला अस्पताल के सामने ही स्थित छाबड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया। न्यूरो सर्जन डॉ. सचिन छाबड़ा ने युवक का इलाज शुरू कर दिया। युवक की एक फरवरी को दोपहर करीब दो बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। इस पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा हंगामा कर दिया। डॉ. छाबड़ा से इस संबंध में बात करने का प्रयास किया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया। युवक की मौत की सूचना पाकर उसके परिवार के लोगों ने आपा खो दिया। परिवार के सदस्यों ने अस्पताल के डॉ. सचिन छाबड़ा पर हत्या के आरोप लगा दिए और धरना लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। हिन्दुमलकोट रोड ट्रॉली यूनियन प्रधान बिट्टू ने अपने गांव खाटलबाना के सोशल मीडिया ग्रुप में ऑडियो जारी किया।

शिविर में 100 यूनिट रक्तदान

बीकानेर, (कासं)। नत्थूसर बास स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्व. जीया देवी सांखला एवं स्व. जमना देवी टाक की पुण्य स्मृति में कक्षा हॉल का उद्घाटन और रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। हॉल का उद्घाटन भंवरलाल टांक द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में 120 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लिया, जिनसे लगभग 100 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया। विशेष रूप से महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इस आयोजन में मोहल्लेवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के संयोजक शैतान सिंह सांखला ने बताया कि यह आयोजन समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मदन मेघवाल, डॉ. कालूराम और डॉ. कुलदीप का सम्मान किया गया। रक्तदान शिविर में पीबीएम अस्पताल की टीम ने डॉ. कुलदीप मेहरा के नेतृत्व में रक्त संग्रह किया। इस टीम में राजेश राठी, मोनिका, राजश्री, विनम्र सक्सेना, जयदेव सांखला, नरेश नाथ, सुनील कुमार, कमल सांखला, सीताराम प्रजापत, मयूर सिंह और राधाकिशन शामिल थे।

शराब पीने से काम नहीं किया तो पीटा, मजदूर की मौत

बीकानेर, (कासं)। नापासर थाना क्षेत्र के मूंडसर में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने महज चौबीस घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। ये घटना शराब के नशे में हुई।

दरअसल मृतक जेठाराम मजदूरी पर था लेकिन वहीं पर शराब पी ली थी। इसी कारण काम नहीं कर रहा था। इसी मुद्दे पर उसकी कुछ लोगों से मारपीट हो गई। इसी मारपीट में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

तीन दिन पहले जेठाराम मेघवाल का शव मिला था। इसे हत्या मानते हुए नापासर पुलिस ने छानबीन शुरू की थी। अब इस मामले में मूंडसर निवासी सहीराम जाट, लालूराम जाट व अर्जुनराम जाट को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक जेठाराम मेघवाल मजदूरी का कार्य करता था। वह मजदूरी ना मिलने पर अधिकतर लालूराम के साथ काम करता था। मृतक के भाई राजूराम ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई 29 जनवरी को लालूराम के साथ बीकानेर जाने का कहकर गया था। बाद में लालूराम ने उसे सहीराम के साथ उसके खेत काम करने के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि जेठाराम ज्यादातर लालूराम के साथ रहता था।

- **पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया**
- **मृतक जेठाराम मजदूरी पर था, खेत पर ही शराब पी ली थी काम नहीं करने पर उससे मारपीट की**

पुलिस के अनुसार लालूराम के सब्जी का काम है, वह उसमें सहयोग करता था। 29 जनवरी को लालूराम, जेठाराम व सहीराम एक साथ ही बीकानेर की सब्जी मंडी गये थे। वे सब्जी लेकर वापस मूंडसर आए। जहां सहीराम ने लालूराम से कहा कि वो जेठाराम को काम के लिए उसके साथ भेज दें। लालूराम ने जेठाराम को सहीराम के साथ उसके खेत पर काम करने के लिए भेज दिया।

दरअसल सहीराम ने अर्जुनराम का खेत काश्त के लिए ले रखा है। जेठाराम जब सहीराम के साथ गया तब उसने शराब पी रखी थी। बाद में खेत में काम करते हुए फिर शराब पी ली। इस वजह से वह काम नहीं कर रहा था। इसी बात को लेकर सहीराम ने जेठाराम के साथ मारपीट की। बाद में 30 की सुबह उसके भाई को फोन कर कहा कि जेठाराम बेहोशी की हालत में पड़ा है। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया।

फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। पुलिस ने नशा तस्करी के एक बड़े मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। संगरिया थाना पुलिस ने थानाधिकारी तेजवंत सिंह के नेतृत्व में टिब्बी थाना क्षेत्र के गुडिया गांव के रहने वाले अहमद नवाज उर्फ चिडिया को गिरफ्तार किया है।

मामला 7 दिसम्बर 2024 का है। जब पुलिस ने एक कार से 251 ग्राम हेरोइन के साथ सिकंदर खान को गिरफ्तार किया था। उस समय मुख्य आरोपी अहमद नवाज (50) मौके से फरार हो गया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुडिया गांव में कुछ युवक बड़े पैमाने पर हेरोइन की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं और आस पास के युवाओं को नशा करवा रहे हैं। अहमद नवाज के खिलाफ कई थानों में मारपीट, हथियार और एनडीपीएस एक्ट के कुल 36 मुकदमें दर्ज हैं। वह टिब्बी थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पुलिस टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर उसे गिरफ्तार किया है।

तापमान में बढ़ोतरी होने से सर्दी से राहत

बीकानेर, (कासं)। सर्दी से एक बार राहत मिल गई है, हालांकि पश्चिमी विक्षोभ का असर फिर से दिखाई दिया तो सर्दी की वापसी भी हो सकती है। ये भी उम्मीद है कि अब घूमकर आई सर्दी इतना पारा नहीं गिरा सकेगी, जितना पिछले दिनों में गिरा।

फिलहाल बीकानेर में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच रहा है, जबकि न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से आगे निकल गया है। मौसम विभाग ने जल्द ही नए पश्चिमी विक्षोभ की उम्मीद जताई है। हालांकि अब तक ये तय नहीं है कि इसका असर पश्चिमी राजस्थान पर पड़ेगा या फिर पूर्वी राजस्थान पर। फिलहाल दो दिन से बीकानेर में कोहरा नहीं है, जिससे स्थानीय बाशिन्दों ने राहत की सांस ली है।

गुरूवार व शुक्रवार को घने कोहरे के बाद शनिवार और रविवार को मौसम साफ रहा है। अब सोमवार को भी मौसम साफ रहने की उम्मीद की जा रही है। पिछले चौबीस घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा। फिलहाल दोनों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। पिछले दिनों जिला कलेक्टर के आदेश से दस बजे शुरू होने वाले स्कूल फिर से सुबह साढ़े सात बजे के हो गए। इसके बाद फिर कोहरा पड़ने से स्टूडेंट्स परेशान हुए। अब मौसम साफ है और कोहरा नहीं है। ऐसे में स्कूलों के समय में परिवर्तन अब नहीं होगा।

- **फिर एक नए पश्चिमी विक्षोभ से सर्दी बढ़ सकती है, फिलहाल राहत मिली**
- **दस बजे शुरू होने वाले स्कूल फिर से सुबह साढ़े सात बजे के हो गए**

ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने जान दी

नोखा, (कासं)। एक युवक ने ट्रेन के आगे आकर सुसाइड कर लिया। युवक कई दिनों से एक लड़की को लेकर परेशान था। उसने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा था।

सूचना मिलते ही नोखा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बागड़ी रेफरल अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला नागौर रोड के पास स्थित रेलवे लाइन पर दोपहर 2 बजे की है। नोखा थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि युवक प्रेम कुमार (25) ने सूरतगढ़ से जयपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले प्रेम कुमार ने फेसबुक पर एक सुसाइड नोट पोस्ट किया, जिसमें उसने अपने परिवार से माफी मांगी और उनसे परेशान न होने की गुहार लगाई। नोट में उसने बताया कि पिछले दो महीनों से एक लड़की उसे अश्लील फोटो भेजकर पैसों की मांग कर रही थी और उसे लगातार परेशान कर रही थी। जिससे परेशान होकर उसने ये कदम उठाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अब प्रेम कुमार के चाचा जगदीश जाट की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

- **दो महीनों से एक लड़की उसे अश्लील फोटो भेजकर पैसों की मांग कर परेशान कर रही थी**

6 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। श्रीगंगानगर जिला पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। घड़साना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है।

घडसाना थाने के एसआई भोलाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान नागौर जिले के गंगवाना निवासी रामजस (19) पुत्र हुकमाराम को 5 किलो 960 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच रामसिंहपुर थाना अधिकारी एसआई सुभाष चंद्र बराला को सौंपी गई है।

रीको की 15 करोड़ की पेनल्टी माफ करने का आदेश उल्टा पड़ा

बीकानेर, (कासं)। औद्योगिक क्षेत्रों पर बैक पीरियड में कंसेंट टू ऑपरेट की पेनल्टी माफ करने के लिए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का आदेश उसी पर भारी पड़ गया। एनजीटी की जांच में इस आदेश को गलत मानते हुए संशोधित करने के आदेश दिए हैं।

जल, वायु और पर्यावरण एक्ट के तहत औद्योगिक इकाई, औद्योगिक पार्क, हॉस्पिटल, होटल्स, मॉल, सोसायटी आदि को लगाने के लिए कंसेंट टू एस्टेब्लिशमेंट तथा प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद कंसेंट टू ऑपरेट लेना अनिवार्य है। लेकिन कुछ बड़े औद्योगिक घरानों और अर्द्ध सरकारी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड जयपुर ने एक कार्यालय आदेश 2 जनवरी 2024 को जारी किया। उसके अनुसार बैक पीरियड की किसी भी औद्योगिक इकाई द्वारा यदि कंसेंट टू ऑपरेट या रिनीवल नहीं ली और फ्रेश आवेदन किया तो उसे बैक पीरियड की पेनल्टी माफ की जायेगी। इस आदेश को बीकानेर के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने एनजीटी में चुनौती दे दी।

- **एनजीटी की जांच में इस आदेश को गलत मानते हुए संशोधित करने के आदेश दिए हैं**

एनजीटी में आवेदन पेश कर कहा कि बैक पीरियड की पेनल्टी माफ करना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवेहलना है। इस पर एनजीटी भोपाल ने आवेदन स्वीकार करते हुए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को नोटिस जारी किया। बोर्ड ने विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर पर 8 जनवरी 24 को 6 करोड़ 54 लाख रूपए, जैसलमेर के एक एनर्जी ग्रुप पर तीन करोड़ 67 लाख और रीको बीकानेर पर करणी औद्योगिक क्षेत्र के संबंध में 4 करोड़ 82 लाख की पेनल्टी लगाई थी। इस सर्कुलर के तहत कुल 15 करोड़ तीन लाख रूपए की शास्ति माफ करने की तैयारी थी। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा है कि पर्यावरणीय क्षति के लिए जिम्मेदार लोगों को इसके प्रबंधन की लागत वहन करनी चाहिए।

भोजास में 33 के.वी. जी.एस.एस. का शिलान्यास और दुसारणा में लोकार्पण

बीकानेर, (कासं)। विधायक ताराचन्द सारस्वत ने रविवार को भोजास में 33 केवी जीएसएस का शिलान्यास और दुसारणा में 33 केवी जीएसएस लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि दोनों ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों की लम्बित मांग पूरी हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पिछले सवा साल से आमजन के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य करवा रही है। आमजन को बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा सुविधा सुलभ करवाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। इसी श्रृंखला में भोजास में 33 केवी जीएसएस का शिलान्यास दुसारणा में 33 केवी जीएसएस का लोकार्पण किया गया है। अब इन क्षेत्रों में बिजली संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी तथा क्षेत्र के लोगों को निरंतर सुचारू सुलभ हो सकेगी। विधायक सारस्वत ने कहा कि क्षेत्र की अधिकतर जनता कृषि पर निर्भर है। इसके मद्देनजर किसानों को बिजली सुचारू उपलब्ध हो सके, इसके लिए ओर अधिक प्रयास किए जायेंगे। भोजास में गोरधन सिंह, लालसिंह राजपुरोहित, गोपाल सिंह, माल सिंह तथा चालम सिंह राजपुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद विधायक ने दुसारणा में नवनिर्मित 33/11 जीएसएस का लोकार्पण करके स्विच चालू किया। कार्यक्रम में शेरसिंह, भंवरलाल तरड़, मालाराम, किसनाराम, शादीराम जाट आदि मौजूद थे। इस दौरान विधायक सारस्वत के साथ महेंद्र सिंह तंवर, तोलाराम तावनिया, जगदीश पारीक, मोहननाथ सिद्ध, अगरसिंह कोटासर, जगदीश गुर्जर, महेश राजोतिया, रामसिंह जागीरदार, मूलचंद इन्दोरिया मौजूद थे। देवनाथ सिद्ध, उत्तमनाथ सिद्ध, गोविन्द सारस्वत तथा विद्युत निगम के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम भवानी प्रकाश ने किया।

दुसारणा में विधायक ताराचंद सारस्वत ने 33के.वी. जी.एस.एस. का लोकार्पण किया।

- **अब इन क्षेत्रों में बिजली संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी**

एनर्जी का हब बनेगा बीकानेर, 19 लाख करोड़ के 93 एमओयू

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर जिला आने वाले समय में एनर्जी के क्षेत्र में हब बनेगा। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में जिले के लिए 20 लाख करोड़ से अधिक के 456 एमओयू अब तक हो चुके हैं। इनमें 19 लाख करोड़ के 93 एमओयू केवल एनर्जी क्षेत्र में हुए हैं। यह आंकड़ा राजस्थान में सबसे ज्यादा है। दूसरे नंबर पर जैसलमेर है। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू को लेकर अब तस्वीर धीरे-धीरे साफ होने लगी है। उद्योग विभाग ने सेक्टर वाइज एमओयू की डिटेल पोर्टल पर जारी कर दी है। प्रदेशभर में 35 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू हुए हैं। उनमें से एनर्जी क्षेत्र में 19 लाख 41 हजार 256 करोड़ के 93 एमओयू बीकानेर जिले के लिए हुए हैं। इसमें एक लाख करोड़ से अधिक के पांच एमओयू सीधे ही राज्य सरकार के स्तर पर किए गए हैं। इसे देखकर माना जा रहा है कि आने वाले तीन-चार सालों बीकानेर जिला एनर्जी का हब बनेगा। केवल एनर्जी क्षेत्र में ही एक लाख 98 हजार 317 लोगों को रोजगार मिलेगा।

जिला उद्योग केन्द्र के अनुसार अब तक हुए एमओयू में से दो लाख करोड़ की 19 कंपनियों ने काम शुरू कर दिया है। इन कंपनियों में 7465 लोगों को रोजगार मुहैया होगा। जिले में अब तक 550 एमओयू हो चुके हैं, जिनमें से 456 एमओयू अप्रूव हुए हैं। ग्रीन हाइड्रोन के छह प्लांट और लगेंगे। एक पहले से लगा हुआ है, जिससे प्रोडक्शन हो रहा है। पोर्टल को बंद नहीं किया गया है।

एनर्जी क्षेत्र में हुए 93 एमओयू को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। ए श्रेणी में 814877.83 करोड़ के 26 एमओयू करने वाली कंपनियां पूरी तरह से तैयार हैं। इनमें से कुछ ने काम भी शुरू कर दिया है। बी श्रेणी वाली 1000263.82 करोड़ के 31 एमओयू करने वाली कंपनियां जमीनों की खरीद-फरोख्त सहित अन्य कार्यवाहियों में लगी हुई हैं। इसी प्रकार सी श्रेणी वाली 126059.65 करोड़ वाली 34 कंपनियां अभी काम शुरू करने की स्थिति में नहीं है। यह केवल योजना के स्तर पर हैं।

मंजू नैण गोदारा, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू की जिलेवार सूचियां जारी कर दी गई हैं। बीकानेर जिले में 20 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू हुए हैं, जिनमें करीब 19 लाख करोड़ तो एनर्जी क्षेत्र में है। मान सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, अक्षय ऊर्जा निगम का कहना है कि राइजिंग इंवेस्टमेंट समिट में एनर्जी क्षेत्र में 19 लाख करोड़ से अधिक के 93 एमओयू केवल बीकानेर के लिए हुए है।